जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

क।र्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट–प्लान) की 190वीं बैठक दिनांक 08.02.2013 को आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में **"चिन्तन"** कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया।

1. श्री जे. बी. जाखड, निदेशक आयोजना, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री नीरज तिवाडी,वरिष्ठ नगर नियोजक (I), जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित थे–

1. श्री प्रेम शंकर, वरिष्ठ नगर नियोजक,(III) जविप्रा, जयपुर।
2. श्रीमति रिंकू बंसल, उप नगर नियोजक जोन–7, जविप्रा, जयपुर।

अति. एजेण्डा संख्या :–1

189 / 05.02.2013 (जोन–7)

विषयः– सेक्टर 32 में सेक्टर रोडों के संशोधन के संबंध में।

प्रकरण समिति के समक्ष विचार विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। मौके पर निर्माण होने के कारण प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत राज्य सरकार द्वारा किए गये निर्देशो के अन्तर्गत सेक्टर 32 में निम्न संशोधन करने का निर्णय लिया गयाः–

1. मास्टर प्लान की 100 फिट सडक को लिंक करने वाली 60 फिट सडक ('ए' से दर्शित)– उक्त सडक के दक्षिण में जविप्रा द्व।रा पूर्व में अनुमोदित आवासीय योजना देवी नगर स्थित है जिसमें उक्त सडक को 30 फिट रखते हुए पट्टे जारी किये गये है।(योजना मानचित्र संलग्न है।) मौका रिपोर्ट अनुसार सडक क्षेत्र में अधिकांश निर्माण किये हुए है। मौके पर लगभग 25–29 फिट सडक उपलब्ध है।
   अतः उक्त सेक्टर सडक को विलोपित करते हुए 30 फिट रखे जाने का निर्णय लिया गया।
2. उक्त 60 फिट सडक के पूर्व में स्थित 60 फिट सडक ('बी' से दर्शित)– प्रश्नगत योजना के समीप पूर्व दिशा में स्थित गैर अनुमोदित योजना ग्रीन एवेन्यू में भी उक्त सेक्टर सडक हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। मौका रिपोर्ट अनुसार योजना में भी सडक क्षेत्र पर निर्माण किया हुआ है व मौके पर लगभग 25–29 फिट सडक उपलब्ध है।

अतः उक्त सेक्टर सडक को विलोपित करते हुए 30 फीट रखे जाने का निर्णय लिया गया।

3. योजना के दक्षिणी ओर स्थित 40 फिट सडक ('सी' से दर्शित)– मौका रिपोर्ट अनुसार योजना में सडक क्षेत्र पर निर्माण किया हुआ है व मौके पर सडक हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। प्रश्नगत योजना में समीप पश्चिम दिशा में स्थित अनुमोदित योजना जगदम्बा नगर में भी उक्त 40 फिट सेक्टर सडक को कायम रखते हुए योजना मानचित्र अनुमोदित किया गया है परन्तु देवी नगर योजना में उक्त सडक को कायम नही किया गया है।
अतः उक्त सेक्टर सडक को विलोपित किये जाने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त बिन्दु जारी कार्यवाही विवरण का भाग माना जावें।

21/2/13

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
जविप्रा,जयपुर।

क्रमांक :– जविप्रा/सदस्य सचिव बीपीसी (एलपी)/बीपीसी/2013/डी– 078

दिनांकः– 21/2/13

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक नगर आयोजना जविप्रा, जयपुर।
4. अति0 आयुक्त (पूर्व)/(पश्चिम)/(एलपीसी)/(भूमि), जयपुर।
5. अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (एमपी) जविप्रा जयपुर।
6. उपायुक्त जोन.......जविप्रा, जयपुर।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
8. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर। विशेषाधिकारी, जनसम्पर्क, जविप्रा, जयपुर।
9. लेखाधिकारी (भूगतान), जविप्रा, जयपुर।
10. उप रजिस्टार (सहकारिता), जविप्रा, जयपुर।

21/2/13

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
ज.विप्रा,जयपुर।